देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 14.03.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- भराड़ीसैंण विधानसभा में एक लाख 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट पारित। सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – 'उत्तराखंड आयुष नीति' के माध्यम से औषधि निर्माण, वेलनेस और शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- राजधानी देहरादून में एलपीजी की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त। 49 सिलेंडर जब्त, दो लोग गिरफ्तार।
- कुंभ मेले की तैयारियां तेज, मोतीचूर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को किया जाएगा सुदृढ़।

बजट सत्र

भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन कल सदन में एक लाख 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। देर रात तक चली सदन की कार्यवाही की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई। शून्यकाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया। वहीं नियम 58 के तहत कृषि, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर कार्य स्थगन प्रस्ताव लाए गए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नियम 310 के तहत भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, जिसे बाद में नियम 58 के अंतर्गत सुना गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट पर सामान्य चर्चा हुई और संसदीय कार्य मंत्री ने विभागवार अनुदान मांगें प्रस्तुत कीं। विभागवार बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक प्रीतम सिंह और भुवन कापड़ी समेत अन्य सदस्यों ने कई विभागों के बजट में कटौती कर केवल एक रुपये का प्रावधान करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि बहुमत के आधार पर ये सभी कटौती प्रस्ताव खारिज हो गए और सदन ने विभागवार बजट को पारित कर दिया। इसके बाद विनियोग विधेयक पर चर्चा हुई और देर रात करीब साढ़े बारह बजे इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विनियोग विधेयक पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि 'उत्तराखंड आयुष नीति' के माध्यम से औषधि निर्माण, वेलनेस, शिक्षा, शोध व औषधीय पौधों के संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक–एक आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र की स्थापना के लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री कल योग नगरी ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में आयोजित 38वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग भारत की पुण्य भूमि से निकली प्राचीन और महान विधा है,

जिसे आज विश्वभर के करोड़ों लोग अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि योग और अध्यात्म की भूमि भी है। राज्य की नैसर्गिक सुंदरता और शुद्ध वातावरण योग साधना के लिए अत्यंत अनुकूल है। इसी दृष्टि से राज्य सरकार ने उत्तराखंड को योग की वैश्विक राजधानी बनाने हेतु देश की पहली "योग नीति 2025" लागू की है।

महिला जनसुनवाई

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्य महिला आयोग की ओर से ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 12 महिलाओं ने अपनी समस्याओं को आयोग के समक्ष रखा, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि गंभीर प्रकरणों को आयोग मुख्यालय देहरादून प्रेषित किया गया। इस अवसर पर आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि आयोग का लक्ष्य उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं तक पहुँचकर उन्हें न्याय दिलाना, उनकी पीड़ा को समझना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्य महिला आयोग की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में 9 मार्च से 13 मार्च तक 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रम आयोजित किए गए।

छापेमारी

देहरादून जिले में एलपीजी गैस के अवैध भंडारण, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी पर देहरादून जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। देहरादून में अब तक 49 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी के. के. अग्रवाल ने कहा कि विभाग की ओर से अवैध तरीके से गैस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई लागातार जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की स्थिति बिलकुल सामान्य हो गई है। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन बुकिंग की शुरुआत भी कर दी गई है और सरकार ने टोल फ्री नंबर भी जारी कर दिए हैं।

कुंभ मेला तैयारी

हरिद्वार में अगले वर्ष होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। कुंभ क्षेत्र के साथ ही आसपास के रेलवे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने और आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि मेले के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा की सुविधा मिल सके। इसी कड़ी में अपर मेलाधिकारी दयानन्द सरस्वती ने मोतीचूर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर वहां प्रस्तावित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं, आधारभूत ढांचे और कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की तथा रेलवे अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा भी की। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि कुंभ मेले को देखते हुए मोतीचूर रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाकर उसे अधिक सुरक्षित और

सुविधाजनक बनाया जाएगा, वहीं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए स्टेशन पर रैंप का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेशन के आसपास वन क्षेत्र होने के कारण हाथियों की आवाजाही रहती है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में सोलर फेंसिंग लगाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा कुंभ मेले के दौरान बढ़ी हुई यात्री संख्या को संभालने के लिए रेलवे और मेला प्रशासन द्वारा स्टेशन परिसर पर अस्थायी व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी।

दुर्घटना मृत्यु

बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में रिखाड़ी–पतियासार के पास कल शाम एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से दो महिलाओं की मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल बागेश्वर में भर्ती कराया गया, जहां दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए हल्द्वानी के हायर सेंटर रैफर किया गया। पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है।

सड़क सुरक्षा अभियान

सड़क सुरक्षा को लेकर देहरादून के संभागीय परिवहन विभाग ने दो दिन का अभियान शुरू किया है। संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता चमोला ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विभाग की टीम द्वारा इंटरसेप्टर से सड़क पर असुरक्षित तरीके से वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ लगातार सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जा रही है।